Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to extend the benefit of pension to employees of Jawahar Navodaya Vidyalaya-Laid.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना पूरे भारत में दिनाक 05 अगस्त 1985 को कैबिनेट नोट के माध्यम से हुई और नवोदय विद्यालय समिति का पंजीकरण सोसाइटी एक्ट के तहत दिनाक 28 FEBRUARY 1986 में हुआ लेकिन नवोदय विद्यालय के कर्मियों को भारत सरकार ने पेंशन के लिए मंजूरी नहीं दी । कारण सिर्फ यह था की कट ऑफ डेट दिनाक 01 JANUARY 1986 थी जबकि 01 JANUARY 1986 के बाद स्थापित हुई संस्थाये जैसे NIOS, ITBP Schools, ITI आदि संस्थाओ की पेंशन मंजूर हुई है ।

लेकिन नवोदय विद्यालय के कर्मी आज भी पेंशन से वंचित है। अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि नवोदय विद्यालय के कर्मियों की पेंशन उन्हें दिलवाने के लिए संबंधित विभाग में जरुरी दिशानिर्देश देने की कृपा करें ।